## महत्वपूर्ण एवं खास

### बालिका से छेड़खानी मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार, पोक्सो एक्ट में गया जेल

**रायगढ़।** 12 जनवरी को थाना कापू में स्थानीय बालिका अपने परिजनों के साथ आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 12.01.23 को स्कूल से आते समय शिवनारायण सारथी रास्ता रोककर छेडखानी किया है। बालिका बताई कि शिवनारायण सारथी के छेड़खानी का विरोध करने पर शिवनारायण सारथी धक्का-मुक्की, मारपीट पर उतर आया। बालिका के लिखित आवेदन पर थाना कापू में धारा 354,354(B),341,323 भादवि.8,12 पाक्सो एक्ट का अपराध दर्ज कर तत्काल आरोपी शिवनारायण सारथी (19 साल) को हिरासत में लिया गया जिसका न्यायिक अभिरक्षा के न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में रखे जाने की कापू पुलिस के रिमांड प्रतिवेदन स्वीकार कर आरोपी का जेल वारंट जारी किया गया जिस पर कापू पुलिस द्वारा आरोपी शिवनारायण सारथी को जिला जेल रायगढ़ दाखिल किया गया है।

### एक लाख 30 हजार की उठाईगिरी, रिटायर्ड शिक्षक का बैग होटल से चोरी

**सरगुजा (आरएनएस)।** जिले में उठाईगिरी का मामला सामने आया है, जहां बैंक से पैसा निकालकर होटल में नाश्ता करने गए रिटायर्ड शिक्षक का बैग लेकर उठाईगिर फरार हो गया. मामले की शिकायत पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है. पुलिस होटल के आसपास में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है. यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सुखरी का है. मिली जानकारी के मुताबिक, सुखरी के रिटारर्ड शिक्षक बैंक से पैसा निकालकर नाश्ता करने होटल पहुंचे थे. इस दौरान रिटायर्ड शिक्षक से अज्ञात आरोपी ने पैसों से भरा बैग छीनकर फरार हो गया. बताया जा रहा कि इस बैग में 1 लाख 30 हजार रुपए था. रिटायर्ड शिक्षक ने कोतवली थाना पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस अपराध पंजीबद्व कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवकों को मारी ठोकर, 1 की मौत, दो की हालत गंभीर

**धमतरी (आरएनएस)।** लिमतरा मोड़ के पास अज्ञात ट्रैक्टर वाहन ने बाइक सवार तीन युवक को ठोकर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायल को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि रावणगुड़ा निवासी जीतू यादव, हिमांशु यादव और मिथलेश यादव एक ही बाइक में सवार होकर अपने गांव जा रहे थे। तभी लिमतरा मोड़ के पास एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने ठोकर मार कर वहां से फरार हो गया। फिलहाल अर्जुनी पुलिस ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### युवक के बैंक खाते से 14 हजार से अधिक रकम पार

**रायपुर (आरएनएस)।** बैंक एकाउंट में दर्ज मोबाइल को बदलने के नाम पर युवक के खाते से अज्ञात व्यक्ति ने 14 लाख से अधिक रकम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अशोका हाईट मोवा निवासी प्रार्थी सुदर्शन जैने 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया वह अपने बैंक एकाउंट में दर्ज मोबाइल नंबर को बदलने के लिए गुगल पर फोन नंबर सर्च कर बात किया, तो अज्ञात व्यक्ति ने एप डाउनलोड कराकर प्रार्थी के आईसीआईसी बैंक, एचडीएफसी बैंक व इंडसेंड बैंक के खाता से कुल 14 लाख 49 हजार 41 रुपए आहरण कर लिया।

# छत्तीसगढ़ मिलेट राज्य बनने की ओर तेजी से अग्रसर

**❑ मकर संक्रांति पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री और देशभर के मुख्यमंत्रियों को भेजी मिलेट हैंपर**





**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाओं के साथ देशभर में मिलेट हैंपर भेजा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्रियों, देशभर के सभी मुख्यमंत्रियों, कलाकारों, साहित्यकारों, मीडिया, फिल्म जगत, राजनीतकि क्षेत्र से जुड़े व्यक्तित्वों को मिलेट हैंपर भेजा है। मुख्यमंत्री बघेल ने मकर संक्रांति पर मिलेट मिशन की सफलता की कामना की हैं।

#### प्रधानमंत्री ने भी सराहा

छत्तीसगढ़ में मिलेट्स मिशन की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में सराहना की है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री बघेल को रायपुर में मिलेट्स कैफे खोलने की सलाह दी थीं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 01 दिसंबर 2021 से मिलेट मिशन शुरू किया गया है, जिसका प्रमुख उद्देश्य प्रदेश में मिलेट (कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार इत्यादि) की खेती को बढ़ावा देना, मिलेट के प्रसंस्करण को बढ़ावा देना तथा दैनिक आहार में मिलेट्स के उपयोग को प्रोत्साहित कर कुपोषण दूर करना है। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के माध्यम से प्रदेश में कोदो, कुटकी एंव रागी का न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित करते हुए उपार्जन किया जा रहा है।

#### आंगनबाड़ी और मीड डे मील में शामिल हुए मिलेट्स व्यंजन

छत्तीसगढ़ में मिलेट के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित किये गये हैं। साथ ही कांकेर जिले में अवनी आयुर्वेदा द्वारा 5,000 टन क्षमता के मिलेट प्रसंस्करण केन्द्र निजी क्षेत्र में स्थापित किया गया है, जो कि एशिया की सबसे बड़ी मिलेट्स प्रसंस्करण इकाई है। प्रदेश में आंगनबाड़ी और मिड डे मील में भी मिलेट्स को शामिल किया गया है। स्कूलों में बच्चों को मिड डे मील में मिलेट्स से बनने वाले व्यंजन परोसे जा रहे है। इनमें मिलेट्स से बनी कुकीज, लड्डू और सोया चिक्की जैसे व्यंजन शामिल हैं।

#### छत्तीसगढ़ के सभी विधायक ले चुके मिलेट्स व्यंजनों का स्वाद

हाल ही मुख्यमंत्री बघेल ने सभी विधायकों को मिलेट्स से बने व्यंजनों के साथ लंच कराया। लंच के मेन्यु में स्टार्टर में रागी का सूप, रागी के पकोड़े, कोदो भजिये, बाजरा और गुड़ के पुये, कुटकी के फरे और चीले शामिल किये गये थे। साथ ही मेन कोर्स में बाजरे की कढ़ी, लाल भाजी, जिमी कांदा, कोदो वेज पुलाव, ज्वार, बाजरा, रागी की रोटी और पराठे का सभी ने स्वाद लिया। डेजर्ट में रागी, कुटकी कप केक, रागी हलवा के साथ कोदो की ड्राई फ्रूट्स खीर का लुत्फ उठाया।

#### मिलेट्स की खेती पर मिला पोषक अनाज अवार्ड

मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर का पोषक अनाज अवार्ड 2022 सम्मान भी मिल चुका है। राज्य में मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए इसको राजीव गांधी किसान न्याय योजना में शामिल किया गया है। मिलेट्स उत्पादक कृषकों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रति एकड़ के मान से 9 हजार रूपए की आदान सहायता भी दी जा रही है।

#### आईआईएमआर के साथ एमओयू, उत्पादकता दोगुना करने का लक्ष्य भी

प्रदेश में कोदो, कुटकी और रागी की खेती को विस्तारित किया जा रहा है। इसके चलते राज्य में इसकी खेती का रकबा 69 हजार हेक्टेयर से बढक़र एक लाख 88 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया है। मिलेट की खेती को प्रोत्साहन करने, किसानों को प्रशिक्षण देने, उच्च क्वालिटी के बीज की उपलब्धता तथा उत्पादकता में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए राज्य में मिलेट मिशन संचालित है। 14 जिलों ने आईआईएमआर हैदराबाद के साथ छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के प्रयास से मिलेट मिशन के अंतर्गत त्रिपक्षीय एमओयू भी हो चुका है। छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन के तहत मिलेट की उत्पादकता को प्रति एकड़ 4.5 क्विंटल से बढ़ाकर 9 क्विंटल यानि दोगुना किए जाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

## गोवा के बाद मुंबई के लिए नई फ्लाइट, ऑनलाइन शुरू हो गई है बुकिंग



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेशवासियों को रायपुर से मुम्बई के लिए एक और प्लाइट मिलने जा रही है. माना स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से मुम्बई के लिए 19 जनवरी को यह नई फ्लाइट उड़ान भरेगी. यह फ्लाइट रायपुर से सुबह 9.05 को उड़ान भरकर 10.55 को मुंबई पहुंचेगी. वहीं मुंबई से यही फ्लाइट 11.35 को उड़ान भरकर 1.35 को रायपुर पहुंचेगी.

मुम्बई के लिए अक दिन में मिलेंगी 5 फ्लाइट्स: रायपुर से मुंबई के लिए अभी इंडिगो एयरलाइंस की 3 फ्लाइट और एयर इंडिया की एक फ्लाइट संचालित है. नई फ्लाइट के शुरु होने से यात्रियों को एक दिन में ही 5 प्लाइट्स रायपुर से मुंबई के लिए मिलेगी. जानकारी के अनुसार, इस फ्लाइट का किराया अभी बेहद कम रखा गया है. इस फ्लाइट की ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू हो गई है. यह फ्लाइट बुधवार को संचालित नहीं होगी. बाकी सभी दिनों में लोग इस फ्लाइट से यात्रा कर सकेंगे।

रायपुर से कई शहरों के लिए मिलने लगी फ्लाइट्स: हाल ही में स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से गोवा के लिए डायरेक्ट फ्लाइट की शुरुआत की गई थी. जिसमें काफी संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं. इस उड़ान के शुरू होने के बाद अब रायपुर से अलग अलग शहरों के लिए फ्लाइट्स मिलने लगी है. रायपुर से अमृतसर के लिए भी कनेक्टिंग फ्लाइट मिलने वाली है. दिसंबर 2022 में ही रायपुर से चेन्नई के लिए भी विमान सेवा शुरू हुई. इंडिगो एयरलाइंस द्वारा रायपुर-चेन्नई-कोयंबटूर की उड़ान 13 दिसंबर से शुरू की गई थी।

## यातायात पुलिस द्वारा आयोजित की गई स्कूली बच्चों के लिए स्लोगन, रंगोली और पेटिंग प्रतियोगिता

**❑ प्रतियोगिता में 16 स्कूलों के 360 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा**



**रायगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के चौथे दिन यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं स्कूली बच्चों को यातायात के प्रति जागरूक करने स्थानीय शासकीय किरोड़ीमल नटवर स्कूल रायगढ़ में सुरक्षित यातायात संबंधित स्लोगन लेखन, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में जिला मुख्यालय के 16 स्कूलों से 360 से अधिक स्कूली बच्चे भाग लिये। प्रतियोगिता में बच्चे में बढ़ चढ़कर भाग लिये, जिनमें काफी उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा बनाये गये रंगोली, पेटिंग, स्लोगन को निर्णायक सदस्यों की टीम द्वारा पुरूस्कार देकर प्रोत्साहित करने चयन किया गया है, विजयी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन कार्यक्रम पर पुरस्कृत किया जावेगा। प्रतियोगिता समाप्ति पश्चात यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को यातायात जागरूकता पाम्प्लेट का भी वितरण किया गया। इस आयोजन में शासकीय किरोड़ीमल नटवर स्कूल प्रबंधन, एनजीओ फास्ट्रेक कंप्यूटर एंड वेलफेयर सोसायटी, एनजीओ श्रीमद दयानंद वैदिक मिशन संस्थान एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विशेष योगदान रहा।

कल राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के पांचवे दिन यातायात पुलिस द्वारा जिला मुख्यालय में अध्ययनरत स्कूली बच्चों के साथ आमजन को यातायात के प्रति जागरूक करने यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। जागरूकता रैली थाना यातायात से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य चौक चौराहों से होते हुए कमला नेहरू उद्यान चक्रधरनगर में समाप्त होगा।

## युवक से साढ़े तीन किलो गांजा और परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी जब्त

**❑ नेशनल हाइवे पर स्कूटी से गांजा ला रहे युवक को जूटमिल पुलिस ने पकड़ा**



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर साइबर सेल/पुलिस चौकी जूटमिल प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा ओड़िशा से नेशनल हाइवे होकर स्कूटी पर शहर में अवैध बिक्री के लिये गांजा ला रहे युवक को कल मुखबिर सूचना पर केआईटी कॉलेज के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया है।

जानकारी के मुताबिक कल चौकी प्रभारी जूटमिल को मुखबीर से सूचना मिला था कि एक व्यक्ति काला रंग का हिरो मैस्ट्रो स्कुटी क्र सीजी 13 यु.डी. 8945 में गांजा रखकर उडिसा तरफ से नेशनल हाईवे रोड पर गांजा लेकर बिक्री करने रायगढ तरफ आ रहा है। सूचना पर जूटमिल स्टाफ द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाकेबंदी किया गया था। देर शाम हाइवे रोड केआईटी कालेज के सामने, गढउमरिया के पास नाकेबंदी कर संदेही युवक को पकड़ा गया। संदेही अपना नाम लक्ष्मीप्रसाद चंद्रा पिता रामकुमार चंद्रा उम्र 23 साल साकिन जशपुर कछार थाना कोसीर जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ बताया। संदेही को नाकेबंदी के कारणों से अवगत कराकर उसके तथा उसके काला रंग के हिरो मेस्ट्रो स्कुटी सीजी 13 यु.डी.- 8945 को विधिवत चेक किया गया। संदेही के स्कुटी सीट के नीचे डिक्की के अन्दर सफेद रंग के प्लास्टि क बोरी वाला थैले में छिपाकर रखा हुआ संदिग्ध पदार्थ गांजा करीब 3 किलो 500 ग्राम किमती करीब रु.24,500 का प्राप्त हुआ है जिसकी गवाहों के समक्ष जप्ती की गई। आरोपी द्वारा अवैध रूप से गांजा परिवहन करना पाये जाने पर आरोपी से गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त एक काला रंग का हिरो मेस्ट्रो स्कुटी सीजी 13 यु.डी. 8945 को जप्त किया गया है। आरोपी पर पुलिस चौकी जूटमिल (थाना कोतवाली) पर धारा बी एनडीपीएस एक्ट के तहत के तहत कार्यवाही किया गया है। गांजा रेड कार्यवाही में चौकी प्रभारी जूट मिल कमल किशोर पटेल के हमराह सहायक उपनिरीक्षक भागीरथी चौधरी, आरक्षक धनुर्जय चंद्र बेहरा, विनय तिवारी और शशि भूषण साहू शामिल थे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस चौपाल लगाकर कर रही रहवासियों को अपराधों से जागरूक

**❑ लैलूंगा पुलिस ने ग्राम भकुर्रा और तमनार ने ग्राम कुधरीखार और लिबरा में लगाई पुलिस चौपाल**



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर वनांचल के दूरस्थ ग्रामों में पुलिस की चौपाल लग रही है। शुक्रवार और शनिवार को थाना लैलूंगा एवं थाना तमनार के स्टाफ ने गांव-गांव जाकर महिला और पुरूषों को एक मंच पर एकत्र कर जागरूक किया। ग्रामीणों को महिला अपराध और वर्तमान में हो रहे साइबर ठगी के बारे में जानकारी दिया गया।

ऐसे पुलिस चौपाल में उपस्थित ग्राम प्रमुखों और गांव के रहवासियों से सीधे संवाद कर पुलिसकर्मी गांव की प्रमुख समस्या, झगड़ा-विवाद आदि की जानकारी लेते हैं तथा उसके निपटारण पर उचित कार्रवाई करते हैं। पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल में ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड, महिलाओं के संबंध में होने वाले अपराध की जानकारी देकर अभिव्यक्ति ऐप, हेल्प लाइन नंबर डॉयल 112, बीट पुलिसकर्मी के मोबाइल नंबर की जानकारी दिया गया और बताया गया कि किसी तरह की समस्या पर तत्काल डॉयल 112 और थाना प्रभारी, बीट कर्मचारी के नंबरों पर जानकारी देकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। ग्रामवासियों को अवैध शराब बनाने और बिक्री ना करने की सख्त हिदायत देकर को गांव में फेरी वाले बाहरी लोगों के आने पर सूचनाएं देने कहा गया तथा ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को किसी प्रकार की घटना, दुर्घटना होने पर तत्काल सूचना देने कहा गया है।

## जंगली सूअर के शिकार के लिए लगाए करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**❑ 5 आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज**

**❑ कापू के ग्राम कदमढोढी अडहा घुटरा जंगल की घटना**

**रायगढ़।** दिनांक 10.01.2023 को शौच के लिए जंगल गये 28 वर्षीय युवक की जंगली सुअर के शिकार के लिये लगाये गये 11,000 हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से मौत के मामले में थाना कापू में आरोपित 5 व्यक्तियों पर गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक 10 जनवरी को थाना कापू में ग्राम गोहेसलार कदमढोढी में रहने वाला जयलाल कुजूर पिता स्व. पवन कुजूर उम्र 30 वर्ष सूचना दिया कि इसका छोटा भाई नरेश कुजूर (उम्र 28 वर्ष) निवासी ग्राम रूवाफूल कसेरडुगरू करीब एक माह पहले से इसके घर में रहकर गांव में मजदूरी काम करता था।

10 जनवरी के सुबह करीब 05.00 बजे दिशा मैदान के लिए अड़हा घुटरा जंगल तरफ निकला था, थोड़ी देर बाद गांव का पंच नोना कुजूर बताया कि नरेश अड़हा घुटरा जंगल में बरहा (सूअर) मारने के लिए जी.आई. लोहे का तार के करंट में फंस गया और जलकर मर गया है। सूचना पर कापू पुलिस मौके पर जाकर मर्ग जांच कार्यवाही किया गया। मर्ग जांच पर पाया गया कि दिनांक 09.01.2023 की रात को गांव के निर्मल एक्का, बाबूलाल एक्का, सुलेन्द्र एक्का, करमसाय कुजूर और भूलन मिंज मिलकर जंगली सुअर का शिकार करने के लिए जी.आई. लोहे तार को अड़हा घुटरा जंगल में करीब 01 कि.मी. तक खूंटी गाड़कर बिछाये थे जिसे 11,000 बोल्टेज बिजली लाईन में जोड दिये थे। प्रवाहित करंट की चपेट में नरेश कुजूर की मृत्यु हो गई। आरोपियों के कृत्य पर आज दिनांक 14.01.2023 को मर्ग जांच से धारा सदर 304,201,34 भादवि.135 विद्युत अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपीगण गिरफ्तारी से बचने गांव से फरार है, कापू पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी कर रही है।

## तिलहन फसलें आज के समय की एक बड़ी जरूरत- कलेक्टर डॉ.सिद्दकी

**❑ कलेक्टर डॉ.सिद्दकी एवं सीईओ मिश्रा पहुंचे बरमकेला**

**❑ बरमकेला स्थित खपरापाली गांव में सरसों की खेती का किया निरीक्षण**



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी द्वारा जिले के किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने एवं फसलों के चक्रीकरण हेतु कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को शासन की योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन करते हुए हितग्राहियों को जमीनी स्तर पर लगातार आवश्यक मार्गदर्शन दिए जा रहा है, इसके साथ ही दलहन-तिलहन फसलों को लेकर किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी एवं रायगढ़ जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा सरसों की खेती का निरीक्षण करने बरमकेला के खपरापाली गाँव पहुंचे। खपरापाली गाँव में सरसों वृहद कार्यक्रम अंतर्गत 132 एकड़ क्षेत्रफल में सरसों की खेती की जा रही है, सरसों की इस खेती में गाँव के लगभग 65 किसान जुड़े हुए हैं।

गौरतलब है कि बरमकेला विकासखण्ड में तिलहन एवं दलहन की फसलें प्रमुखता में ली जाती हैं, इसमें मुख्य रूप से सरसों एवं रागी की फसलें ली जाती हैं, साथ ही अभी आने वाले समय में बरमकेला में कुल 200 एकड़ क्षेत्रफल में रागी की फसल लेने की तैयारी की जा रही है। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सरसों की फसल के संबंध में कहा कि सरसों की खेती से खाद्य तेल हेतु आत्मनिर्भरता को हासिल किया जा सकता है, साथ ही मिट्टी में नमी बनाए रखते हेतु भी तिलहन फसलें अति आवश्यक हैं, गेहूं व धान की खेती के बजाय तिहलन फसलों की ओर जाना आज के समय की मांग है।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने इस वर्ष की फसल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरसों की पैदावार में पिछले साल की अपेक्षा वृद्धि देखने को मिली है जो निश्चित रूप से आने वाले समय में तिलहन फसलों को लेकर किसानों को प्रोत्साहित करेगा। उक्त निरीक्षण के दौरान बरमकेला जनपद सीईओ नीलाराम पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ग्राम खपरापाली एवं अन्य विभागीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

#### एक तिहलन फसल के रूप में सरसों

उत्पादन और क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से देखा जाये तो खाद्य तेल के रूप में प्रयोग होने वाली फसलों में सरसों प्रमुख तिलहन फसलों में से एक हैं। सरसों की फसल कम पानी की दशा में पककर अच्छा मुनाफा देने वाली खेती में से एक है। सरसों के हरे पौधे से लेकर सूखे तने, शाखायें और बीज उपयोग में आते है। इसकी कोमल पत्तियों का साग के रूप में प्रयोग किया जाता है। इसके बीज में 37 से 47 प्रतिशत तक तेल पाया जाता है। सरसों के तेल के साथ ही उसकी खली और यहां तक कि सरसों की कटाई उपरांत खेत में शेष रह जाने वाली उसकी लकड़ी भी अच्छी कीमत पर बिक्री हो जाती है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480